कर दो मेरा भी उद्धार नैया डोल रही मजधार लिरिक्स

कर दो मेरा भी उद्धार,
नैया डोल रही मजधार,
बाबा पार कर दो,
कर दों मेरा भी उद्धार।bd।

दुखो भरे सागर में,
गोते मैं लगाऊं प्रभु जी कितने,
थक सा गया हूँ,
अब हाथ पाँव मेरे नहीं है चलते,
नहीं है चलते,
रो रो तुमसे कहते,
आओ आओ दीनानाथ,
आओ बनके खेवनहार,
नैया पार कर दो,
कर दों मेरा भी उद्धार।bd।

भूल हुई क्या मुझसे,
ओ मेरे बाबा क्यों रूठ गए हो,
डूबूं सागर में मैं,
किनारे पर खड़े मुस्काए रहे हो,
मुस्काए रहे हो,
क्यों रुलाए रहे हो,
आओ मेरे प्राणनाथ,
रख दो सर पे मेरे हाथ,
भव पार कर दो,
कर दों मेरा भी उद्धार।bd।

बिन तुम्हारे मेरा इस,
बैरी जगत में कोई भी नहीं है,
किसको जा पुकारूँ,
इस आफत की घडी में,
भरोसा नहीं है,
भरोसा नहीं है,
'उषा' का कोई नहीं है,
झूठा सारा ये संसार,
कोई देता नहीं साथ,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कर दो मेरा भी उद्धार,
नैया डोल रही मजधार,
बाबा पार कर दो,
कर दों मेरा भी उद्धार।bd।

Singer – Chetan Jayaswal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com